**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/नि.-मा.सं.-नि.वा./04 दिनांक : 21 जून, 2021

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**बीडीएल ने उत्साहपूर्वक मनाया योग दिवस**




भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) की सभी इकाइयों और कार्यालयों में 7वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया।

वर्तमान कोविड महामारी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए दिए गए संदेश 'योग के साथ रहें', 'घर पर रहे' थीम का पालन करते हुए कंपनी के सी एम डी, निदेशकों और कर्मचारियों ने सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अनुसार सुबह 7:00 बजे से 45 मिनट के लिए अपने परिजनों के साथ अपने-अपने घरों से अंतर्राष्ट्रीय योग-दिवस-2021 में भाग लिया।

कंपनी के कर्मचारियों और उनके परिवारों को अपने संदेश में **कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) सीएमडी, बी डी एल** ने कहा कि कोविड – 19 की विषम परिस्थितियों के चलते के योग का महत्व बढ़ गया है। उन्होंने जीवन में योग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि बिमारियों की रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए योग के महत्व को समझाया और सभी से अपने दैनिक जीवन में योग के अभ्यास को शामिल करने का अग्रह किया। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए यह बीडीएल जैसे संगठन के लिए और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है जो हमारे राष्ट्र की रक्षा के लिए अत्यधिक परिष्कृत और कड़े गुणवत्ता वाले अस्त्रों का उत्पादन करता है।

उन्होंने ने कर्मचारियों से कहा कि आयुष मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लॉटफॉर्म्स पर उपलब्ध तथा मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से आरंभ किए गए सीवाईपी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लें।

आयुष मंत्रालय ने योग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लॉटफॉर्म पर एक डिजिटल योग अभियान का समन्वय किया है। बीडीएल ने योग के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए अपने

सोशल मीडिया प्लॉटफार्म जैसे ट्विटर और फेसबुक में डिजिटल योग अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

7वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बीडीएल की सभी इकाइयों / कार्यालयों में प्रमुख स्थानों पर बैनर प्रदर्शित किए गए।

इसके अलावा, कर्मचारियों को योग अभ्यास के लिए प्रेरणा स्तर को बनाए रखने और उन्हें 21 जून, 2021 से आगे योग अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम जैसे प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित करने की योजना है।

*****